हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 जून 2024

11 क्षत्रिय महासभा ने किया महाराजा रज्जू राव भदौरिया को याद



12 गोली लगने से घायल कुख्यात बलराज उर्फ गोली ने तोड़ा दम



## खबर संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर दुकानदार से ठगी

**फतेहाबाद।** क्रेडिट कार्ड के नाम पर टोहाना के एक दुकानदार के खाते से हजारों की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव बलियावाला निवासी सतबीर ने कहा है कि उसकी चण्डीगढ़ रोड पर नूर स्वीट्स के नाम से दुकान है। मार्च 2024 में उसके पास राहुल कुमार शर्मा का फोन आया और उसने कहा कि वह पीएनबी बैंक टोहाना से बोल रहा है। इसके बाद जब उसने अपना खाता चैक किया तो पाया कि उसके खाते से 9700 रुपये की नकदी निकाली गई थी। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### श्रद्धा से मनाया गंगा दशहरा का पवित्र पर्व

**रतिया।** गंगा दशहरा का पवित्र पर्व रविवार को अरोड़ा कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ आश्रम के संचालक स्वामी श्याम सुंदर दास महाराज के मार्गदर्शन में बहुत ही आकर्षक ढंग से मनाया गया। स्वामी श्याम सुंदर ने कहा कि गंगा मां का अवतरण धरती पर इसी दिन हुआ था तथा लोगों के पापों को दूर करने के लिए पतित पावनी मां गंगा धरती पर शिव जी की जटाओं में से निकली थी। 7000 वर्ष की तपस्या के बाद राजा भागीरथ ने इस धरती पर लाने के लिए प्रयास किए थे जिस कारण मां गंगा के हमें दर्शन हुए इसलिए लोगों को जीते जी भी मां गंगा के दर्शन तथा स्नान आवश्यक करना चाहिए इससे तन मन की शुद्धि होती है तथा पापों का नाश होता है।

### रतिया शहर से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** रतिया शहर से दो युवतियों सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में गांव जांडली कलां निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी लड़की की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। कुछ दिन पूर्व वह उसके पास मिलने के लिए आई हुई थी। 14 जून को सुबह वह अपनी लड़की के साथ ससुराल जाने के लिए निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर रतिया पुलिस ने वार्ड नं. 12 निवासी दो लोगों की शिकायत पर उनकी दो लड़कियों के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### टोहाना शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना में एक युवक का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 7 टोहाना निवासी हरदीप ने कहा है कि गत दिवस वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार गया था। उसने मोटरसाइकिल को जैन समाधि टोहाना के पास खड़ी करके नहर पर नहाने चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशेड़ी युवक ने अपने ही घर के ताले तोड़े

**फतेहाबाद।** नशेड़ी युवक ने अपने ही घर के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में ईदगाह कालोनी टोहाना निवासी अमरचंद ने कहा है कि उसका लड़का अजय नशा करने का आदी है। वह कभी कभार ही घर पर आता है। गत दिवस दोपहर को अजय ने घर का ताला तोड़कर वहां से पानी वाली मोटर, संदूक में रखी एक मधानी, 10 तोले चांदी की पंजेब, आधा तोले सोने की बालियां चोरी कर ले गया है।

## पिछले वर्ष जाखल क्षेत्र में आई बाढ़ के मंजर को याद कर चिंता में डूबे क्षेत्रवासी

# फिर कहर न बरपाए बरसात: प्रशासन कर रहा प्रबंधों के दावे

### बाढ़ के खतरे से घग्घर के तट एवं आसपास के लोगों की सांसे अभी से फूलने लगीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आकाश गर्ग/जाखल

जिला में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। इसी जून माह के अंत में मानसून दस्तक दे सकता हैं। गत वर्ष मानसून के दौरान शिवालिक की पहाड़ियों में भारी वर्षा होने से जाखल क्षेत्र से गुजरती घग्घर नदी का जलस्तर अपेक्षाकृत बढ़ जाने से यहां घग्घर नदी और नदी के सहायक रंगोई नाले के बांध टूटने से तबाही आई थी। उस विनाश से घग्घर के तटवर्तीय व आसपास के गांवों समेत जाखल कस्बा भी इससे प्रभावित हुआ था। विशेषज्ञों की मानें तो इस बार भी पीछे से अच्छी बारिश होने का अनुमान है। इससे घग्घर के तट एवं आसपास के लोगों की सांसे अभी से फूलने लगीं है।



जाखल। क्षेत्र से होकर गुजरती घग्घर नदी।

नदी के समीप बसे लोग यहां अभी से अपने स्तर पर देखरेख कर रहे हैं, वहीं प्रशासन भी इस बार बाढ़ बचाव व्यवस्थाओं को लेकर सक्रिय हैं। प्रशासन द्वारा अभी से बाढ़ बचाव प्रबंध किए जा रहे हैं। अब की बार, बीते वर्ष जैसी स्थिति उत्पन्न न हो सकें। इसे लेकर जिला स्तर के अधिकारी भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने को लेकर गंभीर हैं। दरअसल जिला के जाखल क्षेत्र से गुजरती घग्घर नदी में जल मुख्यत मानसून के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में होने वाली बरसात के कारण आता है। जाखल का गांवों, शहरों व जिला मुख्यालय से टूट गया था संपर्क गत वर्ष शिवालिक की पहाड़ियों में लगातार तेज व मूसलाधार से घग्घर नदी व रंगोई नाले के तटबंध टूटने से बाढ़ ने क्षेत्र में भयंकर तबाही मचाई थी। गांवों में बाढ़ का पानी भरने से गांव पानी में डूबने जैसी स्थिति बन गई थी। भले ही बीते वर्ष बाढ़ का पानी जाखल कस्बा में न घुसने से तो राहत रहीं थी, लेकिन जाखल में बाढ़ के अलर्ट से नगर के लोगों द्वारा अपना घरेलू सामान ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य साधनों में अपने रिश्तेदारों या अन्य जगह सुरक्षित रखने के लिए दूरदराज एरिया में ले जाना पड़ा था। गांवों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद कई गांवों का जाखल से संपर्क टूट गया था। इसके अलावा बाढ़ के पानी से डूबते गांवों के मद्देनजर मुख्य मागार्े को कई जगहों से बीच में से तोड़ दिया गया था। इससे जाखल का विभिन्न शहरों और जिला मुख्यालय से भी संपर्क टूट गया था।

### क्षमता से अधिक पानी आने से नदी में उफान आने से आई थी बाढ़

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक बीते वर्ष शिवालिक की पहाड़ियों में बरसात अधिक होने पर यहां नदी और रंगोई नाले में पानी कम क्षमता से अधिक आने से नदी और नाला उफनाने से इसके बांध टूट गए थे। जिससे क्षेत्र में बाढ़ आपदा आ गई थी। अफसरों की माने तो इस बार बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। बीते वर्ष टूटे तटबंधों को मजबूत करने के साथ साथ बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए विभाग द्वारा धरातल पर पुख्ता इंतजाम की रणनीति तैयार कर ली गई हैं।

### गांवों के लोग मानसून को लेकर चिंतित

गत वर्ष 13 जुलाई को घग्घर नदी के उफना से बाढ़ का पानी जाखल के ग्रामीण क्षेत्र में घुसा तो भारी तबाही के मंजर पीछे छोड़ गया था। कुछ पशुपालकों के मवेशी बाढ़ के पानी की चपेट में आने के साथ साथ लोगों के घरों का सामान भी बाढ़ के पानी में बह गया था। बाढ़ का मंजर देख उस वक्त नदी के तटवर्ती सहित आसपास गांवों के ग्रामीण दहल उठे थे। उस वाक्य को याद कर आज भी लोगों की रूह कांप उठती है। गांव के पुराने बुजुर्ग बताते हैं कि इससे पूर्व सन 1993 में बाढ़ आई थी, जिसे उन्होंने स्वयं अपनी आंखों से देखा, लेकिन तब की अपेक्षा 2023 में आई बाढ़ ने क्षेत्र में अधिक तबाही मचाई थी।

### जिला प्रशासन की जाखल क्षेत्र पर टिकी थी निगाहें

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के अंतिम छोर पर और हरियाणा पंजाब की सीमा पर सटे जाखल क्षेत्र से गुजरने वाली घग्घर नदी मानसून के दौरान कई बार क्षेत्र में कहर बरपा चुकी है। ऐसे में बीते वर्ष पहाड़ी क्षेत्र में वर्षा अधिक होने पर नदी में पानी ज्यादा प्रवाहित होने के चलते फतेहाबाद जिला प्रशासन की निगाहें जाखल क्षेत्र के चांदपुरा साइफन हेड पर टिकी थी। ऐसे में बाढ़ आने से क्षेत्र में भले ही फसलों आदि का बड़ा नुकसान हुआ था, लेकिन फिर भी जिला प्रशासन की सतर्कता के चलते हालातों पर समय रहते काबू पाने के चलते जानी नुकसान से बड़ी गनीमत भी रहीं थी। बीती स्थिति को ध्यान में रख इस बार प्रशासन के आला अफसर बाढ़ बचाव व्यवस्थाओं में जरा भी कोताही न बरतने को लेकर अभी से सक्रिय हो चुके हैं।

### तीस वर्ष बाद आई बाढ़ ने क्षेत्र में मचाई थी भयंकर तबाही

क्षमता से अधिक जल आने पर घग्घर नदी ने पूर्व में भी जब जब अपना रौंद रूप दिखाया है, तब तब तबाही का मंजर भी दिखा है। वर्ष 1962 व 1993 में पानी का बहाव अपेक्षाकृत अधिक बहने से क्षेत्र में आई बाढ़ को क्षेत्रीय लोग आज भी याद कर कांप उठते है, क्योंकि इन दो बार में आई बाढ़ ने क्षेत्र में भयंकर कहर मचाया था। पुराने बुजुर्ग बताते हैं कि सन 1993 के तीस साल बाद 2023 में आई बाढ़ ने क्षेत्र में भयंकर तबाही मचाई थी। ऐसे में अब मानसून सिर पर हैं तो इसे लेकर खासकर नदी के आसपास के किसानों व आमजन की धड़कने तेज होने लगीं है।

### क्या कहते है आला अफसर

इस बार मानसून के दौरान बाढ़ की नौबत न आए, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग हैं। अप्रिय घटना से निपटने के लिए भी व्यवस्था पुख्ता की जा रहीं हैं। इसके लिए कार्य जारी हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार 30 जून से पहले चांदपुरा साइफन आदि पर ड्रेन व सीवरेज लाइनों की सफाई मुकम्मल करवा दी जाएगी। इसके अलावा अन्य बाढ़ नियंत्रण कायार्ें को भी सुनिश्चित किया

# पीपीपी कैंप का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

क्रीड विभाग द्वारा परिवार पहचान पत्र में डाटा सत्यापन को लेकर जिला में लगाये जा रहे पीपीपी कैम्प का एडीसी राहुल मोदी ने औचक निरीक्षण किया और डाटा सत्यापन से संबंधित कैम्प की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम सचिवालय ढांड, सरकारी स्कूल किरढान, सरकारी गर्ल्स स्कूल भट्टूकलां का औचक निरीक्षण किया। कैम्प के पहले दिन 1124 डेट ऑफ बर्थ वेरिफिकेशन की गई। शनिवार को दूसरे दिन लगभग 1980 के आस पास डेट ऑफ बर्थ वेरिफिकेशन की गई। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित सभी समस्याओं के निवारण हेतु 14 से 22 जून तक फतेहबाद जिले के प्रत्येक गांवों व वाडार्े में 368 बूथों पर 147 लोकेशन पर कैम्प लगाए जा रहे हैं। इन कैम्प में 8000 डेट ऑफ बर्थ वेरिफिकेशन, 5000 के करीब मैरिटल स्टेटस, 7500 डुप्लीकेट मोबाइल के करीब डाटा पुश किया गया। कैम्प में नागरिक एकाउंट वेरिफिकेशन, पेंशन सम्बन्धित, व्यवसाय से सम्बन्धित आदि चीजे परिवार पहचान पत्र में ठीक करवा सकते हैं। जिला नागरिक संसाधन सूचना विभाग के प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि पीपीपी में डाटा सत्यापन को लेकर 22 जून तक कैम्प लगाए जाएंगे ताकि परिवार पहचान पत्र में किसी भी प्रकार को कोई समस्या ना रहे।



फतेहाबाद। पीपीपी कैम्प का औचक निरीक्षण करते एडीसी राहुल मोदी।

फोटो : हरिभूमि

### 14 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव आसाखेड़ा से एक व्यक्ति को 14 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम मुख्य सिपाही राजिंद्र के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव आसाखेड़ा की ओर जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर दबिश दी तो एक व्यक्ति को शराब बेचते काबू किया। उसके कब्जा से 14 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी की पहचान बंसीलाल पुत्र केसरा राम निवासी चौटाला हाल आयाखेड़ा जिला सिरसा के रुप में हुई।

# पिता ने की इकलोते बेटे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद/टोहाना

- मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की



फतेहाबाद। मृतक सचिन।

टोहाना के गांव कन्हड़ी में घरेलू बात को लेकर गुस्साएं एक पिता ने अपने 16 साल के बेटे की हत्या कर दी। आधी रात को पिता ने चारपाई के पाये से अपने बेटे के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार डाला। मृतक सचिन दसवीं कक्षा का छात्र था और तीन बहनों का इकलौता भाई था। इस मामले में पुलिस ने मृतक युवक की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीन ऑफ क्राइम की टीम भी फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में जांच में जुटी है। इस बारे रविवार को पुलिस को दी शिकायत में गांव कन्हड़ी निवासी मायावती ने बताया कि उसका 16 साल का लड़का सचिव 10वीं कक्षा में पढ़ता था। उसका पति दलबीर सिंह शराब पीने का आदी है। इसी बात को लेकर घर में अक्सर क्लेश रहता है। शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे उसके लड़के पति दलबीर सिंह ने उसके लड़के सचिन के साथ घरेलू बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा किया। रात करीब साढ़े 30 बजे उसके पति ने उसे उठाकर बताया कि उसने सचिन को मार डाला है। वह एकदम डर गई और उसने अपने साथ सोई अपनी लड़कियों को इस बारे बताया। जब उन्होंने नीचे आकर देखा कि सचिन चारपाई पर खून से लथपड़ अवस्था में पड़ा था। सचिन के सिर पर चारपाई के पाये से कई बार किए गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। बेटे को तुरंत अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पिता के खिलाफ उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर मिलेंगे पांच हजार रुपये

- यह राशि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी पांच हजार रुपए की राशि दी जाएगी। यह राशि गर्भावस्था के दौरान हुए कामगार महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए प्रदान की जाती है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत पहला व दूसरा बच्चा लड़की होने पर ही सहायता राशि दी जाती थी, लेकिन सरकार द्वारा कामगार महिलाओं को मद्देनजर रखते हुए नियमों में बदलाव करते हुए अब दूसरा बच्चा लड़का होने पर पांच हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। लाभार्थी को दो किस्तों के माध्यम से राशि मिलेगी, जिसमें राशि की एक किस्त तो प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर तीन हजार रुपये और दूसरी किस्त में दो हजार रुपये बच्चे के टीकाकरण पूर्ण होने पर मिलेंगे। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ मनरेगा जॉब कार्ड धारक, बीपीएल कार्ड धारक, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाएं और प्रधानमंत्री जन आरोग्य महिलाओं के अलावा आठ लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकेगी।

# योग स्वास्थ्य का एक दृष्टिकोण: चंद्रपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव के उपलक्ष में चौधरी देवीलाल चिल्ड्रन पार्क सिरसा में लगातार 2 जून से 23 जून तक चल रहे 22 दिवस सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण एवं ध्यान साधना शिविर में रविवार को युवा सीए दरवेश स्वामी, सीए चेतन झूथरा व सीए सुनील सेठी ने सामुहिक रूप से पावन 'योत प्र'वलित की। शिविर में योगिंग-जॉगिंग के अभ्यास और सूर्य नमस्कार करने का आनंद लिया। युवा साथी चार्टर्ड अकाउंटेंट स्वामी दरवेश ने बताया कि अगर हम चाहते हैं कि हमारा सिरसा नशा मुक्त स्वस्थ, हरियाली युक्त सुंदर, हो तो हमें अपने नित्यक्रम को मर्यादित बनाते हुए अपने मूल में योग की स्थापना करनी होगी। आज आसन, प्राणायाम का अभ्यास वरिष्ठ योग शिक्षिका रजनी बंसल और सुमन सचदेवा ने किया। योग स्वास्थ्य और मानव कल्याण का एक दृष्टिकोण है। योग अभ्यास करने से व्यक्ति के भीतर जागरूकता उत्पन्न होती है और मौसम अनुसार जो शरीर में बदलाव होते हैं, उनको सहने की शक्ति प्रदान होती है। इस दिव्य मौके पर पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी गण वरिष्ठ प्रकोष्ठ से प्रेम शर्मा, श्रमिक प्रकोष्ठ से श्याम लाल, मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा, वीरेंद्र नागपाल महामंत्री, भारत विकास परिषद से विश्व बंधु गुप्ता, डॉ. राजकुमार निजात वरिष्ठ साहित्यकार, केवल कृष्ण रिटायर्ड प्रिंसिपल, पदम, जगदीश गोदारा, देवीलाल, महेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।



सिरसा। योग शिविर में योगाभ्यास करते साधक।

# सार्वजनिक स्थान पर करते थे हुड़दंग, पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंगबाजी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चौकी गोरीवाला विजय कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही सुखदेव सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। गोदिका से अहमदपुर दारेवाला रोड़ खेल स्टेडियम गांव गोदिका के सामने सड़क के बीच चार युवक हुड़दंग बाजी कर रहे थे। वे एक दूसरे को अश्लील गालियां दे रहे थे। जिस पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य सिपाही ने साथी कर्मचारियों की सहायता से चारों को काबू करके थाना सदर डबवाली में अभियोग दर्ज कर लिया। पकड़े गये चारों युवकों की पहचान शेर सिंह उर्फ महेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह , ललित कुमार पुत्र छोटे राम,सुनील कुमार पुत्र जगदीश कुमार निवासी कालुआना व श्याम लाल उर्फ लाल पुत्र अमरजीत सिंह निवासी गोदिका के रुप में हुई है ।



# डबवाली में विद्युत निगम की लापरवाही, हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

- बिजली निगम के कर्मचारियों ने तारों को नंगा छोड़ा
- सूचना देने पर भी कोई देखने नहीं आया

डबवाली शहर में विद्युत निगम के कर्मचारियों की कथित लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। शहर के न्यू बस स्टैंड रोड पर स्थित महाराजा अग्रसेन होलसेल क्लॉथ मार्केट में कुछ अरसा पूर्व बिजली निगम के कर्मचारियों ने खस्ता हाल तारों को बदलने का काम किया था। तारों को बदलने के बाद बिजली निगम के कर्मचारियों ने लापरवाही करते हुए नई जोड़ी गई तारों को नंगा ही छोड़ दिया। हाई वोल्टेज वाली यह तारे अब किसी हादसे को जन्म दे सकती हैं। क्लॉथ मार्केट के दुकानदार राजेंद्र बलाना, गौतम सेठी व अन्य ने बताया कि विद्युत निगम के कर्मचारियों ने जब तारे बदलने का काम किया था तब यह कहा गया था कि नई तारों के जोड़ को एकाध दिन में कैप चढ़ाकर ढक दिया जाएगा। लेकिन अभी तक वह दिन नहीं आया। कई महीनो से तारे ऐसे ही नंगी छत पर पड़ी है। तारों में किसी भी समय बड़ी स्पार्किंग हो सकती है। कोई व्यक्ति इन नंगी तारों से छू सकता है। इसके अलावा किसी प्रकार से अन्य हादसा भी नंगी तारों की वजह से हो सकता है। इसके बाद दुकानदारों ने कई बार बिजली कर्मचारियों से संपर्क किया लेकिन कोई भी इन तारों को देखने नहीं आया। मार्केट के दुकानदारों में भारी रोष है। इस प्रकार से कपड़ा मार्केट में हाई वोल्टेज तारों को खुला छोड़ने वाले निगम अधिकारियों से दुकानदारों की मांग है कि इस और ध्यान दिया जाए।



सिरसा। कपड़ा मार्केट की छत पर दिखाई दे रही नंगी हाई वोल्टेज तारें।

## पुलिस की टीमों ने किया कार्यक्रमों का आयोजन

# आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के दिशा निर्देशानुसार जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने ऐलनाबाद, शहर सिरसा, बड़ागुड़ा तथा रोड़ी क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आमजन तथा युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। शहर की चतरगढ़ पट्टी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे डीएसपी सुभाष चंद्र ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आकर सामूहिक प्रयास करना होगा ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। बडागुढ़ा थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुरिया नियामतखां में आयोजित कार्यक्रम में बडागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बढ़ चढ़कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ताकि नशे जैसी बुराई को जड़मूल से समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा नशा का कारोबार करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। वहीं आमजन को नशा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर की जे जे कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया तथा नशा बेचने वालों के बारे में निसंकोच होकर सूचना देने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि जिला पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है, परंतु इस अभियान में समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी अहम जिम्मेदारी निभाए ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। ऐलनाबाद शहर के पंचमुखी चौक तथा नोहर रोड पर पहुंचे थाना प्रभारी संदीप कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पूर्ण सहयोग करें ताकि इस अभियान को सफलता के शिखर तक ले जाया जा सके।




सिरसा। आमजन को नशे के खिलाफ जागरुक करते हुए पुलिस कर्मी।

*मैं बग़ावत चाहता हूं। हर उस फ़र्द (व्यक्ति) के ख़िलाफ बग़ावत चाहता हूं जो हमसे मेहनत कराता है, मगर उस के दाम अदा नहीं करता।*

**-सआदत हसन मंटो**



*आप बस इतना करें कि इस लॉकडाउन के बाद मुझे तलाक दिला दें।' इतना कह कृति ने फोन काट दिया और किचन की ओर मुड़ गई। उसके गले में हल्का दर्द था और सिर भारी हो रहा था. एक कप चाय बनाने के लिए जैसे ही उसने किचन के दरवाजे पर कदम रखा। वैभव को अंदर देख कृति के सिर पर गुस्से का बादल जैसे फट पड़ा। पैर पटकते वापस बेडरूम में आकर लेट गई।*



कहानी | दिव्या शर्मा

# शक का संक्रमण



मैं नहीं रह सकती अब एक भी दिन इस घर में। मुझे बस तलाक चाहिए। कृति के मुँह से निकले झल्लाते शब्दों को सुन वकील ने मौन साध लिया। जवाब न सुन कृति के गुस्से में जैसे मिर्च छिड़क गई।

'आप बोल क्यों नहीं रहे वकील साहब! देखिए मुझे नहीं पता कि कोरोना की क्या गाइडलाइंस हैं। आपने कहा था कि एक महीना पूरा होते ही मेरी अर्जी पर कोर्ट फैसला दे देगा!' कृति के चेहरे पर परेशानी उभर आई।

'देखिए कृति जी। कोर्ट बंद हैं और अभी खुलने के आसार भी नहीं तो केस की सुनवाई तो अभी नहीं हो सकती और मैं जज नहीं जो डिसिजन देकर आपके तलाक को मंजूर कर दूँ।' वकील ने समझाते हुए कहा।

'पर मैं यहाँ से जाना चाहती हूँ। एक महीने के चक्कर में फंस गई हूँ मैं..मुझसे उस आदमी की शक्ल नहीं देखी जा रही जिसने मुझे धोखा दिया। मैं नहीं रह सकती वैभव के साथ।' कृति के शब्दों की झुंझलाहट और मन में छिपे दर्द को वकील ने साफ महसूस किया.दो पल को खामोशी इख्तियार कर वह फिर बोला,

'आप अपनी माँ के घर चली जाएं।'

'अरे नहीं जा सकती। इस इलाके को कोरोना जोन घोषित कर दिया है। यहाँ से निकली तो चालीस दिन के क्वारनटिन कर दी जाऊंगी।' कृति ने हांफते हुए कहा।

'तो बताओ मैं क्या कर सकता हूँ?' वकील ने कहा.

'आप बस इतना करें कि इस लॉकडाउन के बाद मुझे तलाक दिला दें।' इतना कह कृति ने फोन काट दिया और किचन की ओर मुड़ गई। उसके गले में हल्का दर्द था और सिर भारी हो रहा था. एक कप चाय बनाने के लिए जैसे ही उसने किचन के दरवाजे पर कदम रखा।

वैभव को अंदर देख कृति के सिर पर गुस्से का बादल जैसे फट पड़ा। पैर पटकते वापस बेडरूम में आकर लेट गई।

छत पर घूमते पंखे के साथ पिछली यादें घूमकर उसकी आँखों के सामने तैरने लगी।

दीया बाती के नाम से मशहूर वैभव और कृति अपने कॉलेज की सबसे हॉट जोड़ी थी।

दोनों के बीच की कैमिस्ट्री को देखकर न जाने कितने दिल जल कर खाक हुए जाते थे. कृति की अदाएं और वैभव की दीवानगी जैसे रोमियो जूलियट. कृति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए वैभव रोज नये ट्रिक्स करता। दोनों की दीवानगी कोई वक्ती न थी। अपने करियर के मुकाम पर पहुंच वैभव और कृति परिवार की रजामंदी से विवाह के बंधन में बंध गए।

सब कुछ बेहद खूबसूरत चल रहा था लेकिन वह एक शाम दोनों की जिन्दगी में बिजली बनकर कौंध गई। प्रेम की मजबूत दीवार पर शक के हथौड़े का वार गहरा पड़ा.वैभव ने लाख सफाई दी कि उसका मेघना के साथ सिर्फ मित्रता का संबंध है लेकिन शक की आग में चली कृति कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी। पंद्रह दिन बाद दोनों की शादी को दो साल पूरे हो जायेंगे लेकिन कृति उससे पहले ही वैभव से तलाक चाहती थी। कोर्ट ने एक बार दोबारा विचार करने के लिए दोनों को कुछ समय साथ रहने का फैसला सुनाया था। वैभव के लाख प्रयासों के बाद भी कृति का मन नहीं बदला बल्कि वैभव की हर कोशिश उसे सफाई नजर आती। नफरत और गुस्से से वह वैभव को शब्दबाणों से घायल करती रहती। वैभव का सयंम अभी टूटा नहीं था इसलिए उसने अपने आस पास मौन ओढ़ लिया। केस की अगली सुनवाई तक दोनों को साथ ही रहना था इसलिए मजबूरन कृति वैभव को बर्दाश्त कर रही थी। समय चल रहा था लेकिन अचानक आए कॉरोना के वायरस ने जिन्दगी की रफ्तार को जैसे थाम दिया। लॉकडाउन लग चुका था। चारों ओर डर और अफरातफरी का माहौल था। कृति अपने मायके जाना चाहती थी लेकिन उनकी सोसायटी सील कर दी गई थी क्योंकि इस बिल्डिंग में कोरोना के पॉजिटिव केस लगातार बढ़ रहे थे। मन मारकर एक ही छत के नीचे रहती कृति अंदर अंदर घुल रही थी। कृति अपने ख्यालों में खोई कमरे में चहलकदमी कर रही थी कि एंबुलेंस की तेज आवाज़ से उसका ध्यान भटका। वह भागकर बॉलकनी की ओर भागी। सामने वाली बिल्डिंग के नीचे एंबुलेंस खड़ी थी। उसके आस पास पीपीई किट पहने चार लोग खड़े थे। कृति ने ध्यान दिया तो उसे सामने वाली बिल्डिंग के चार नंबर फ्लैट की बॉलकनी में सुधा आंटी रोती नजर आई। एंबुलेंस के अंदर एक बॉडी को डाला जा रहा था। थोड़ी देर में एंबुलेंस साइरन बजाते निकल गई। सुधा आंटी के रोने की आवाज़ अब साफ नजर आ रही थी।

*कृति को अपना शरीर बिल्कुल निष्क्रिय लग रहा था वह उठ नहीं पा रही थी। कोरोना उसके शरीर को जकड़ चुका था, लेकिन वैभव उसके करीब खड़ा था। यह देख कृति वैभव को दूर जाने के लिए कहती है, 'तुम दूर रहो वैभव, मुझे कोरोना तुम भी बीमार हो जा।' इतना कहकर कृति खाँसने लगती है। उसे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। तुम शांत रहो। मुझे कुछ नहीं होगा। मैंने मॉस्क और ग्लब्स पहने हैं ध्यान से देखो और तुम्हें बस वायरल बुखार है कोरोना नहीं. घबराओ नहीं. मैं चाय लाता हूँ।' इतना कहकर वैभव रसोई में चला गया. थोड़ी देर में चाय और स्टीमर उसके साथ था। कृति को चाय देके वैभव ने स्टीमर का प्लग लगाया और उसे गर्म करने लगा।*

एंबुलेंस में उनके एकलौते बेटे रजत को ले जाया गया था।

'रजत नहीं रहा।' बगल की बॉलकनी में मुँह लपेटे पारूल खड़ी थी। उसकी बात सुनकर कृति का दिल धक से रह गया।

"क्या बोल रही हो पारूल! यार एक ही बेटा था आंटी का। कोई नहीं है उनके पास तो.कैसे बर्दाश्त करेंगी वे यह दुख!' कृति तड़प कर बोली।

'कॉरोना जाने कितनों को अपने साथ ले जायेगा. तुमने मॉस्क नहीं पहना और तुम बाहर खड़ी हो! इतनी लापरवाही ठीक नहीं कृति।' इतना कहकर पारूल अंदर चली गयी और दरवाजा बंद कर दिया।

घबराई कृति कमरे के अंदर आकर अपने चेहरे और हाथों को साबुन से रगड़ने लगती है। सुधा आंटी का विलाप चारों तरफ फैले सन्नाटे में डर पैदा कर रहा था। कृति अपने कमरे को सेनिटाइज कर बिस्तर पर लेट गई। सिर में दर्द और गले की खराश मन में भय की तरंगें बनाने लगी। नाक से बहता पानी मस्तिष्क को बार बार झिंझोड़ रहा था. लेकिन आंटी और रजत के बारे में सोचते सोचते उसे गहरी नींद आ गई।

कृति को कमरे से बाहर न निकलते देख वैभव को चिंता हो रही थी। कृति कभी इतनी देर नहीं सोती। रात के आठ बज रहे थे और कृति चार बजे से कमरे के अंदर थी। रजत के जाने का दुख वैभव को अंदर तक हिला गया उस पर कृति का कमरे में बंद होना वैभव के मन में हजार आशंकाओं को जन्म दे रहा था। घड़ी की सूंई बढ़ती जा रही थी। नौ बज चुके थे. अब वैभव उसके कमरे के दरवाजे के बाहर जाकर खड़ा हो गया।

'कृति, तुम ठीक हो न! कृति...कृति!' दरवाजे को थपथपा कर वह बोला। लेकिन कृति की कोई आवाज़ नहीं आई। वैभव ने दरवाजे को हल्के से धकेला तो कृति को बिस्तर पर बेसुध पाया. वह उसके करीब जाकर उसके माथे को छुता है। माथा भट्टी की तरह तप रहा था।

'कृति...कृति...उठो..आँखें खोलो!' वैभव उसे झिंझोड़ कर बोला। कृति अपनी आँखें खोलने की कोशिश करती है लेकिन खोल नहीं पाती।

वैभव तुरंत अपना मॉस्क चेहरे पर लगाता है और ठंडे पानी का कटोरा लेकर उसके सिरहाने बैठ जाता है। ठंडे पानी की पट्टियां सिर पर रख उसकी हथेलियां रगड़ने लगता है। कृति को कुछ होश आया। आँखें खोली तो वैभव सामने था. कृति की आँखें लाल थी। वैभव उसे होश में देख तुरंत पैरासिटामोल ले आया और सहारा देकर दवा उसके मुँह में डाल दी।

कृति को अपना शरीर बिल्कुल निष्क्रिय लग रहा था वह उठ नहीं पा रही थी। कोरोना उसके शरीर को जकड़ चुका था, लेकिन वैभव उसके करीब खड़ा था। यह देख कृति वैभव को दूर जाने के लिए कहती है, 'तुम दूर रहो वैभव, मुझे कोरोना तुम भी बीमार हो जा।'इतना कहकर कृति खाँसने लगती है। उसे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। तुम शांत रहो। मुझे कुछ नहीं होगा। मैंने मॉस्क और ग्लब्स पहने हैं ध्यान से देखो और तुम्हें बस वायरल बुखार है कोरोना नहीं. घबराओ नहीं. मैं चाय लाता हूँ।' इतना कहकर वैभव रसोई में चला गया. थोड़ी देर में चाय और स्टीमर उसके साथ था। कृति को चाय देके वैभव ने स्टीमर का प्लग लगाया और उसे गर्म करने लगा।

*(शेष अगले अंक में)*

गजल | चरणजीत चरण



तुमने अच्छा ही किया ली न ख़बर, वैसे भी
लौट के कोई न आया है इधर, वैसे भी

तुम गई हो तो पलटकर के सुकूँ आया है
दिल को रहता था बिछड़ जाने का डर, वैसे भी

हम कई रोज रहे साथ चलो अच्छा है
कितना चलता है मुहब्बत का सफ़र, वैसे भी

हाथ इकतारे पे रखते ही हुआ तार जुदा
मुझको आता ही नहीं था ये हुनर, वैसे भी

हमसफ़र बन न सके तुम तो कोई बात नहीं
थोड़ी मुश्किल थी मेरी राह-गुज़र वैसे भी

गजल | दिनेश शर्मा दिनेश



दुनिया में आते हैं और जाते हैं लोग
कब अपना किरदार निभा पाते हैं लोग

वह साथी है सबका उसका किससे बैर
अपनी ही करनी का फल पाते हैं लोग

सबकी अपनी ढपली सबका अपना राग
केवल अपने लाभ की बतियाते हैं लोग

हर कोई इक जैसा कैसे हो सकता है
इक चक्की का आटा कब खाते हैं लोग

ऐहतियात रखा कर ज़ेहन में तू खास
गिरगिट से ज्यादा रंग दिखलाते हैं लोग

लघुकथा | अशोक कुमार ढोरिया



## दायित्व

"ओह ! ये गर्मी।" "यार आज तो तापमान 54° है, जीना बेहाल कर रखा है।" "हाँ भाई, गर्मी ने पिछले 22 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।" "भाई एक बात बताओ, क्या सरकार का कोई कर्त्तव्य नहीं बनता कि पर्यावरण संरक्षण के बारे में कोई ठोस कदम उठाए।" पास ही बैठे बूढ़े दादा ने दोनों की बात सुनकर कहा - "बेटा, जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपना वोट डालकर सरकार बनाता है ताकि देश का शासन सुनियोजित ढंग से चल सके।
जब हम अपनी सरकार चुन सकते हैं तो क्या हमारा ये दायित्व नहीं बनता कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाकर जलवायु को जीने लायक बना सके?

पर्यारण गीत | नरेश शांडिल्य



## प्रबुद्ध करें हम

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

जल न रहा तो कल क्या होगा?
उजड़ रहे जंगल ; क्या होगा?
साँसों का संबल क्या होगा?
इन प्रश्नों का हल क्या होगा?
जूझ स्वयं से युद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

गुरुवाणी में सदियों पहले,
नानक जी ने भी फरमाया;
पवन पिता , धरती को माता,
पानी को गुरुरूप बताया;
क्यों फिर धर्म विरुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

सदियों से पूजित हैं नदियाँ,
हिमगिरि उन्नत शिखर चोटियाँ,
हरा-भरा वसुधा का आँचल,
करें न इन सबका मन घायल,
कभी न इनको क्रुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

निर्मल हो नदियों की कल-कल,
खिलें-बढ़ें गिरि-वन नित पल-पल,
हो स्वछंद खग-मृग की हलचल,
खिला रहे यूँ जीवन-शतदल,
पथ न सृष्टि का रुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।।

फिर 'दधीचि' हड्डियाँ गलाएँ,
पुनः 'भगीरथ' भू पर आएँ,
फिर 'अगस्त्य' संकल्प उठाएँ,
'अँगुलिमाल-मन' को समझाएँ,
मानव-मन को बुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।।

लघुकथा | अम्बिका कुमारी कुशवाहा



## आपसी समझ

हाँ.. मैं आलसी हूँ.. बहुत आलसी। और कुछ कहना चाहती हो? इतना कहकर अनिमेष कमरे से बाहर निकल गया। श्वेता की मज़ाक में कही गई बात और अचानक अनिमेष का इस तरह का व्यवहार देख, श्वेता सोच में पर गई।

श्वेता और अनिमेष ने प्रेम विवाह किया था। दोनों कॉलेज में साथ पढ़े थे और श्वेता जानती थी अनिमेष एक शांत स्वभाव का संकोची लड़का है जो बिना कुछ पूछे अपनी बात भी नही कहता।

अनिमेष के पीछे श्वेता भी तेजी से बाहर निकली। अनिमेष बालकनी पर खड़े हो सड़क की ओर देख रहा था।

श्वेता ने उसके कंधे पर हाथ रख पूछा- क्या हुआ अनिमेष? कोई बात है क्या?

अनिमेष- नहीं श्वेता , कुछ नही.. बस ऐसे ही थोड़ा गुस्सा आ गया। सॉरी।

श्वेता- अनि.. हमने प्रेम विवाह किया है। मैं तुम्हारी जीवनसंगिनी और अच्छी दोस्त भी हूँ। तुम्हारा इस तरह मुझसे किसी बात को न कहना अच्छा नही लगता।

अनिमेष- (श्वेता की ओर देखते हुए) सॉरी श्वेता.. मुझे माफ कर दो, इस बार भी हम गर्मियों में शिमला नही जा सकते। बॉस ने छुट्टी देने से साफ मना कर दिया है। साथ पिछले सप्ताह अस्वस्थ रहने के कारण जो अवकाश लिया था, सैलरी से पैसे काट लिए बॉस ने। और अगले सोमवार से ओवरटाइम की ड्यूटी भी है।

श्वेता- उफ्फ.. ये बेरहम बॉस। बस इतनी सी बात और इतना बड़ा टेंशन लिए हो? अनि.. कोई बात नही, हम इस बार कहीं नही जाएंगे। अगली बार चलेंगे शिमला।

और हाँ तुम इतना क्यों सोचते हो? मैं तुम्हारी साथी हूँ, मैं भी जॉब करती हूँ, आर्थिक जिम्मेदारी मेरी भी हैं।

अनिमेष (मुस्कुराते हुए)- बुरा लगता है ना.. शादी के इतने दिन बाद भी तुम्हारे शिमला घूमने की इच्छा पूरा नही कर पा रहा।

श्वेता- मुझे भी कहाँ छुट्टी मिल पाती है। साथ घूमने की इच्छा तो तुम्हारी भी हैं। ये प्राइवेट जॉब भी न..

अनिमेष- मुझे तो आज संडे को सुबह सुबह तुमसे लड़ना था, पर तो उलझती ही कहाँ हो बातों में।(दोनो हँसते हैं)

श्वेता(घूरते हुए)- अच्छा जी! अगले साल छुट्टी पर हम सबसे पहले अपने घर चलेंगे। उसके बाद ही कही जाएंगे।

अनिमेष- जैसी आपकी आज्ञा देवी। 'रिश्तों की बुनियाद आपसी समझ, सम्मान, सहयोग और विश्वास पर केंद्रित होती है।'

**साहित्य समाज को जोड़ने का काम करता है, इसलिए संस्कार के लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य के प्रति जागृत करना आवश्यक है। यह जिम्मेदारी लेखकों और साहित्यकारों की भी है कि वे अच्छे साहित्य सृजन करके सामाजिक निर्माण में योगदान दें।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# समाज को दिशा देने में साहित्य की अहम भूमिका: मधु वशिष्ठ

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में समाज को नई दिशा देते हरियाणा के लेखकों, साहित्यकारों, कवियों और रचनाकारों में महिलाओं की भी अहम भूमिका रही है। ऐसी ही महिला साहित्यकारों में शुमार मधु वशिष्ठ भी साहित्य की विभिन्न विधाओं के जरिए सामाजिक सरोकार के फोकस में सकारात्मक विचारधाराओं से समाज को नई दिशा देने में जुटी हुई हैं। दिल्ली सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति के बाद स्वतंत्र लेखन से रचना संसार को आगे बढ़ाते हुए साहित्य सृजन में जुटी मधु वशिष्ठ कई प्लेटफार्मों से भी अपने लेखन को सुगम और सरल बना रही हैं। अपने मनोभावों को कहानी या कविता के रूप में साहित्य को समर्पित लेखिका, रचनाकार, कवियित्रि और कहानीकार मधु वशिष्ठ ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में अपने साहित्यिक सफर के बारे में विस्तृत उल्लेख करते हुए कई ऐसे पहलुओं को उजागर किया, जिसमें समाज को सकारात्मक रूप से जागृत करने की दिशा में साहित्य की अहम भूमिका हो सकती है।

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में लोकप्रिय महिला रचनाकार मधु वशिष्ठ का जन्म 10 सितंबर 1959 को दिल्ली में सोमदत्त शर्मा और तारा रानी शर्मा के घर में हुआ। उनके पिता नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में अधिकारी थे, इसलि मधु का बचपन दिल्ली के सरकारी मकान में ही बीता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली गोल मार्केट के नगर पालिका के स्कूल में हुई। उनका परिवार नगर पालिका के पुस्तकालय के नजदीक ही रहता था और परिवार के सदस्य उसके सदस्य भी थे, तो साहित्य के प्रति रुझान स्वतः ही होना तय था। वहीं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी और रामकृष्ण मिशन की भी लाइब्रेरी भी उनके घर के पास ही थी, जहां परिवार के सभी लोग पुस्तकों को पढ़ते थे। बकौल मधु वशिष्ठ उस जमाने में प्रकाशित होने वाली चंपक, नंदन और बहुत सी कॉमिक्स जैसी पुस्तकें पढ़ने का शौक बढ़ने के साथ लेखन के प्रति भी रुचि जागृत होने लगी थी। उनकी लिखी हुई पहली कविता और कहानी 70 के दशक में कॉलेज की मैगजीन में प्रकाशित हुई तो लेखन के प्रति आत्मविश्वास बढ़ना भी स्वाभाविक ही था। उस जमाने में साहित्यिक सफर इतना आसान नहीं था कि वे अपनी कहानी या कोई भी रचना को प्रकाशित कराने के लिए दिल्ली प्रेस या धर्मयुग मैगजीन के लिए उनका पता ढूंढना पड़ता था और फिर लिफाफे में डालकर अपनी रचनाओं को वहां भेजना होता था, तो अधिकतर डाक वापस आ जाती थी यानी रचनाएं प्रकाशित होने की संभावनाएं भी नगण्य ही थी, लेकिन उनकी एक कविता को एक हिंदी मैगजीन में प्रकाशित हुई। मधु वशिष्ठ ने बताया कि साल 1974 से 77 के बीच भी उन्होंने कुछ रचनाएं लिखी थीं, लेकिन विवाहोपरांत और 80 के दशक के बाद उनकी व्यस्तताएं बहुत बढ़ गईं, जिसका कारण साल 1982 में उनकी दिल्ली सरकार में नौकरी लग गई, जहां से 2018 में सेक्शन ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। मधु वशिष्ठ साधना कहानियां यादों की उनका अपना एक यूट्यूब चैनल भी है। मधु वशिष्ठ की नजर में इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति बहुत अच्छी तो नहीं है, क्योंकि अधिकतर लोग सोशल साइट में उलझे हुए हैं और लेखन से ज्यादा दृश्य उन्हें आकर्षित कर रहे हैं, इसलिए साहित्य के पाठकों में रुझान कम देखने को मिल रहा है। जहां तक युवा पीढ़ी की साहित्य में रुचि का सवाल है उनके ऊपर पाठ्यक्रम का बोझ ज्यादा है और जानकारी के लिए उनके पास इंटरनेट का सरल विकल्प भी है। वे कल्पना की बजाए अपनी पढ़ाई पर या मोबाइल में किसी भी विषय पर जानकारियां लेना ज्यादा पसंद करते हैं। हालात यहां तक पहुंच गये कि 1913 में रविंद्र नाथ ठाकुर को उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला था, लेकिन उसके बाद कोई भी कृति ऐसी नहीं हुई, जो की साहित्यिक पुरस्कार के योग्य समझी जा सके।

### प्रकाशित पुस्तकें

मधु वशिष्ठ की विभिन्न विधाओं में अभी तक छह एकल पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इनमें कहानियां यादों की, कहानी संग्रह कथा कुंज, कविता संग्रह जीवन और मन तथा भक्ति सागर प्रमुख रुप से शामिल हैं। इनके अलावा उनकी कविताओं के संकलन के रुप में अनुभव नामक पुस्तक भी उनकी उपलब्धियों में शामिल है। रचनाकार मधु की 80 से अधिक साझा संकलनों में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है। इसके अलावा राष्ट्रीय पत्र व पत्रिकाओं में उनके लेख, कहानियां औरकविताएं भी प्रकाशित होती आ रही हैं।



मधु वशिष्ठ

### पुरस्कार व सम्मान

कवयित्री को विभिन्न विधाओं में सैकड़ों पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। इसमें प्रतिलिपि में उन्हें गोल्ड बैज के साथ प्रमाणपत्र का सम्मान भी मिला है। धारावाहिक लेखन में उन्हें फेलोशिप का सम्मान भी मिला है। स्टोरी मिरर में लिटरेरी जनरल की उपाधि से सम्मानित मधु वशिष्ठ ऑथर ऑफ द ईयर अवार्ड से भी सम्मानित है। इसके अलावा उन्हें काव्य विभूति सम्मान, काव्यश्री सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, शांतिप्रिय व्यक्तित्व सम्मान, श्रेष्ठ कहानीकार सम्मान मिल चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** मधु वशिष्ठ
**जन्मतिथि:** 10 सितंबर 1959
**जन्म स्थान:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली
**शिक्षा:** बीए, बीएड (मिरांडा हाउस दिल्ली)
**सम्प्रति:** सेवानिवृत्त अधिकारी, स्वतंत्र लेखन
**संपर्क:** 19/8, फरीदाबाद (हरियाणा)

# चिंता और चिंतन को प्रतिबिंबित करते दोहे





**पुस्तक : उगें हरे संवाद (दोहा संग्रह)**
**कवि : योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'**
**मूल्य : 200 रुपये**
**प्रकाशक : गुंजन प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा | डॉ. रामनिवास 'मानव'

दोहा हिंदी का प्राचीन और परंपरागत लघु छंद है, जिसने हर काल में अपनी सार्थकता सिद्ध की है। भक्तिकाल में यह रामबाण बनकर चला, तो रीतिकाल में इसने कामबाण बनकर लक्ष्य-संधान किया। वर्तमान काल में भी दोहे की प्रासंगिकता बनी हुई है, किंतु आज का दोहा तुलसी-रहीम-बिहारी के दोहों का सगोत्रीय छंद नहीं है। इसकी गर्भनाल कबीर के बेबाक दोहों से जुड़ी है। इसकी मारक क्षमता भक्ति-रीति कालीन दोहों से कहीं अधिक और गहरी है तथा यह अग्निबाण बनकर असंगतियों, विसंगतियों और विकृतियों के ढेर में पलीता लगाने का काम कर रहा है। यही कारण है कि आज अनेक समर्थ कवि दोहा-लेखन में सक्रिय हैं।

ऐसे कवियों में गीत-नवगीत के श्रेष्ठ हस्ताक्षर योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' का नाम भी सम्मिलित है, जो दोहा छंद को धार देने का सफल-सार्थक प्रयास अपनी लेखनी द्वारा कर रहे हैं। 'परिवार के उजले भविष्य- पुत्र और पुत्रियों को समर्पित', 332 दोहों के अपने प्रथम दोहा-संग्रह 'उगें हरे संवाद' में वह बढ़ती संवेदनहीनता, टूटते रिश्तों और बिखरते परिवारों की त्रासद स्थिति पर तो चिंतित दिखाई पड़ते ही हैं, पारस्परिक संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में अंतर्निहित आत्मीयता की ऊष्मा पर भी उनका पूरा जोर है। उनके दोहे देखिए- स्वस्थ भला कैसे रहे, अपनापन-सम्मान ।
भीतर हों जब तल्ख़ियाँ, चेहरों पर मुस्कान।।
गूगल युग ने क्या किया, छीन लिए एहसास।
छिटक रही संवेदना, चटक रहे विश्वास।।

किंतु जैसे-जैसे हम उनके दोहों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं, समकालीन जीवन-यथार्थ के अन्य विद्रूप आयाम भी उद्घाटित होते जाते हैं। इन दोहों में कवि की चिंता और चिंतन, दोनों तो साथ-साथ चलते ही हैं, भावों की भंगिमा तथा भाषा की लाक्षणिकता इन्हें और भी मारक तथा महत्त्वपूर्ण बना देती है। संग्रह के अनेक दोहों की कलात्मकता भी देखते ही बनती है-
शहरों के हर स्वप्न पर, कैसे करें यक़ीन।
उम्मीदों के गाँव हैं, जब तक सुविधाहीन।।
घुल-मिलकर व्यक्तित्व में, बिखरे मधुर सुगंध।
पढ़कर तो देखो कभी, सच के ललित निबंध।।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि 'उगें हरे संवाद' संग्रह दोहा-परंपरा में भाव और भाषा-शिल्प की दृष्टि से काफी-कुछ नया जोड़ता है। संग्रह के दोहे पाठकों को पसंद आयेंगे, यही विश्वास है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बेचते एक काबू

हिसार। नशा मुक्त भारत पखवाड़े के दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस की एबीवीटी टीम ने हांसी रोड बरवाला से एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए काबू करके 11 बोतल व 48 पव्वे शराब तथा 90 बोतल बीयर बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बोगस ग्राहक भेजकर हांसी रोड बरवाला पर बने कमरे में अवैध रूप से शराब बेचते हुए गोरखपुर निवासी प्रदीप कुमार को काबू किया। तलाशी लेने पर प्रदीप कुमार की जेब से 1000 हजार रुपए नकद और कमरे से 11 बोतल और 48 पव्वे शराब व 90 बोतल बीयर बरामद हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार**। हिसार शहर पुलिस ने सेक्टर 14 स्थित लाइब्रेरी के सामने से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों चंदन नगर निवासी दीपक व संजय नगर निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में जुगलान निवासी विजय सिंह ने शहर थाना में 14 जून को सेक्टर 14 स्थित लाइब्रेरी के सामने से मोटरसाइकिल चोरी के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 14 जून को मोटरसाइकिल पर सेक्टर 14 स्थित लाइब्रेरी आया था और मोटरसाइकिल को लाइब्रेरी के सामने खड़ा कर दिया। बाद दोपहर जब वह वापस जाने के लिए आया तो उसे मोटरसाइकिल वहां नहीं मिला। इसी मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लियाा है। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### प्रवासी युवक ने फांसी लगाकर जान दी

हिसार। शहर के सूर्यनगर फाटक के पास एक युवक ने लोहे के पाइप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक पंकज मध्यप्रदेश का रहने वाला था। सूर्यनगर फाटक पर पुल व अंडरब्रिज बनाया जा रहा है। पंकज यहीं पर ड्राइवर की जॉब करता था। उसके साथ काम करने वाले अमित ने बताया कि आठ मई को पंकज मध्यप्रदेश से हिसार आया था। वह सूर्य नगर की गली नंबर 2 में रहता था। अमित का कहना है कि रात को खाना खाने के बाद पंकज निकल गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। अमित ने बताया कि सुबह जब पता लगा कि फाटक के नजदीक युवक ने फांसी लगाई हुई है, तो वहां देखने के लिए गया तो देखा पंकज ने सुसाइड कर लिया था। अमित ने बताया कि पंकज शादीशुदा था।

### हरियाणवी चुटकुला सम्राट सम्मानित

**बरवाला**। सामाजिक कल्याण संस्था गुरुग्राम द्वारा आयोजित लोक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में गांव बनभौरी निवासी हरियाणवी चुटकुला सम्राट आजाद सिंह दुहन की हरियाणवी हास्य रचनाओं ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हरियाणवी चुटकुला सम्राट आजाद सिंह दुहन को मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया और हरियाणवी बोली को बढ़ावा देने के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### बाइक को बचाने के चक्कर में नहर में गिरी कार

**हिसार**। नजदीकी गांव नियाणा के पास अनियंत्रित होकर एक कार नहर में गिर गई। रिटज कार में जा रहे दो युवक हादसे का शिकार हो गए, जिन्हें ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात दो युवक कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। दोनों युवक कार में सवार होकर नहर की पटरी से खरकड़ी जा रहे थे कि अचानक कार के आगे बाइक आ गई। बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में कार बालसमंद नहर में जा गिरी।

महासभा के सदस्यों ने महाराजा भदौरिया के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

# क्षत्रिय महासभा ने किया महाराजा रज्जू राव भदौरिया को याद

**महासभा के सदस्यों ने महाराजा रज्जू राव भदौरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** महाराजा रज्जू राव भदौरिया को श्रद्धासुमन अर्पित करते क्षत्रिय राजपूत महासभा के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

भदौरिया वंश के कुलदीपक महाराजा रज्जू राव भदौरिया की जयंती रविवार को क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद द्वारा एमसी कालोनी स्थित महासभा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। महासभा के सदस्यों ने महाराजा रज्जू राव भदौरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय राजपूत महासभा के प्रधान जितेन्द्र भदौरिया व सचिव प्रवीन चंदेल ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में रणबीर भाटी, जगदीश छोंक्कर, अजय भदौरिया, रॉयल भदौरिया, अनिल शर्मा सहित महासभा के अनेक पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जितेन्द्र भदौरिया ने महाराजा रज्जू राव भदौरिया के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भदावर वंश के किले पर आक्रमण प्रथम सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक ने किया। 3 दिन तक घनघोर युद्ध हुआ। राजा शल्यदेव भदौरिया वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी दो रानियों ने जौहर दिखाया। एक रानी जो 8 माह के गर्भ से थी, वंश रक्षार्थ जीवित रही।

जितेन्द्र भदौरिया ने बताया कि आचार्य घनश्याम दास एवं भूपत मिर्धाजाट ने किले की सुरंग के रास्ते से उन्हें उनके मायके फतेहपुर सिकरी उनके पिता दलकूशाह सिकरवार के पास ले गए। एक माह उपरांत रानी ने एक पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम रज्जू राव भदौरिया रखा गया। इनका लालन-पालन ननिहाल फतेहपुर सिकरी में हुआ। अपने युद्ध कौशल्य से अपनी सैन्य शक्ति एकत्रित की और महाराजा रज्जू राव भदौरिया ने 1246 में हथिकाथ पर धावा बोल दिया। हतिया मेवों के धड़ से सिर अलग कर भदौरिया किला अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद उन्हें भदावर रियासत का राजा घोषित किया गया।

इस अवसर पर महासभा के सदस्यों ने उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## पांच दिवसीय योग शिविर संपन्न

सिरसा। भारत शक्ति वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सच्ची सेवा मंदबुद्धि एवं मूक-बधिर अनाथ आश्रम के तत्वावधान में महात्मा बुध योग संस्थान के सौजन्य से गांव बुर्ज में लगातार पांच दिन से चल रहा योग शिविर रविवार को संपन्न हो गया। महात्मा बुध योग संस्थान के संचालक व योगाचार्य नरेंद्र योगी ने कहा कि योग का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ भरे माहौल में स्वास्थ्य, खुशहाल जीवन व प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने को आमजन के लिए योग व प्रकृति से जुड़ना जरूरी हो गया है। तनावमुक्त जीवन के लिए भी सभी को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए और स यक आहार-विहार और सदाचारयुक्त जीवनशैली धारण करनी चाहिए। शिविर के अंतिम दिन उन्होंने उन्होंने योग साधकों को षटकर्म, आसन, प्राणायाम, मुद्राओं के साथ नेति क्रिया एवं नेत्र प्रक्षालन के अभ्यास करवाए। षटकमार्ं का अभ्यास करवाते हुए योगाचार्य ने बताया कि षटकमार्ं का अभ्यास प्राणायाम से पहले किया जाना चाहिए।

इनके द्वारा कफपित्त-वात के दोष नष्ट होते हैं तथा शरीर में ताजगी व स्फूर्ति आती है। सभी क्रियाओं का अभ्यास योग प्रशिक्षक की देखरेख में ही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि महात्मा बुद्ध योग संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सैक्टर-20 स्थित भाईचारा पार्क में मनाया जाएगा।



### न सर्द हवाओं का कोहरा हिला सका, ना आग उगलता सूर्य बुलंद हौसले को डिगा सका

**हिसार**। शहर की दीवारों को सुंदर बनाने के अभियान के तहत हमारा प्यार हिसार की टीम ने रविवार को एक बार फिर विद्युत नगर दीवार पर अपने पेंटिंग अभियान को आगे बढ़ाया। संस्था के सदस्यों ने दीवार को एक बार फिर से सुंदर रूप देने के लिए पेंटिंग अभियान चलाया। अत्यधिक गर्मी होने के बावजूद हमारा प्यार हिसार की टीम ने दीवार को सुंदर कलाकृतियों से सजाया। ग्रुप के सदस्यों ने आसपास के स्थान की भी सफाई की। अभियान में डॉ. सुरेन्द्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, मनीष गोयल, डॉ. राज वर्मा, राजेंद्र गहलोत, जितेंद्र बंसल, सत्येंद्र यदुवंशी, डॉ. विजय कादियान, रमेश कुमार, साहिल गिरधर, निपुण अग्रवाल, नीलेश, आदिश, राघव, कुशाग्र, नवाब, सुनील मित्तल, गीतांश गोयल आदि शामिल हुए।

### पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**हिसार**। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा है कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं विशेष शिविर

- नागरिक 22 जून तक विशेष शिविरों में जाकर अपने पहचान पत्र की त्रुटियों को करवा सकतें हैं ठीक : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** विशेष शिविरों में पहुंचकर अपनी परिवार पहचान पत्र संबंधित समस्याओं का समाधान करवाते नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने जिले के सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वे जिले में 22 जून तक शहरी क्षेत्र के हर एक वार्ड और प्रत्येक गांव में परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को ठीक करने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। 14 जून से लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक शिविरों में उपस्थित होकर अपने जन्म तिथि को सत्यापित करवा सकते हैं। अभी तक इन शिविरों में पांच हजार से ज्यादा लोगों की जन्म तिथि को बुढ़ापा पेंशन हेतु सत्यापित कर लिया गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए 22 जून तक शहरी व ग्रामीण स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में फैमिली आईडी में बच्चे का नाम जुड़वाना, व्यवसाय, डुप्लिकेट मोबाईल नंबर, बैंक खाता से संबंधित कार्य, जन्म तिथि संबंधित कार्य, वैवाहिक स्थिति, परिवार पहचान पत्र से सदस्य का नाम हटवाना, सदस्य का नाम जुड़वाना, जाति, दिव्यांग डाटा दर्ज करवाना, पिता, माता, पत्नी या पति का नाम ठीक करवाने से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिलावसियों से अपील की है कि अगर किसी व्यक्ति को अपने परिवार पहचान पत्र में डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन करवाना है तो वह अपने गांव व वार्ड में चल रहे इन कैंपों में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास

- स्वास्थ्य जांच शिविर में रक्त, आंखों सहित अन्य बीमारियों के 208 मरीजों ने करवाया चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



**नारनौंद।** स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

क्षेत्र के गांव बुडाना के अखाड़े के पास पंचायत के चबूतरे पर एकम एनजीओ की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एकम एनजीओ के संस्थापक व जींद के डिप्टी सिविल सर्जन डा. विजेंद्र ढांडा रहे। शिविर में गांव बुडाना के अलावा आसपास के गांवों के लोगों ने भी स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। शिविर में डिप्टी सीएमओ डॉ. विजेंद्र ढांडा, डॉ. ललित, डॉ. संदीप सहारण, शेखर, दीपक अनिल, संदीप, धर्मबीर, विशाल, मंजीत इत्यादि ने अपनी सेवाएं दी।

डॉ. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि उनका प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं व शिक्षा गांव स्तर पर ही मिल सके। इस प्रकार के शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसके लिए भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सके। स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 208 मरीजों ने अपना चेकअप करवाया। शिविर में सहयोग करने के लिए एकम एनजीओ के प्रधान जितेन्द्र ढांडा ने ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि अनिल ढांडा, रामधारी, हरिकिशन, वजीर सिंह, रामकुमार सहित अन्य लोगों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी गांव में इस प्रकार के मेडिकल कैंप लगाने की बात कही। उन्होने बताया कि एकम संस्था की तरफ से पहले भी इस तरह के मेडिकल कैंप अनेक गांवों में लगाए जा चुके हैं।

## असहाय लोगों के लिए वरदान पीएम जन आरोग्य योजना : डीसी

- तीन लाख रुपये वार्षिक आय वाले 1500 रुपये प्रीमियम भर कर ले आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। असहाय लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरदान सिद्ध हो रही है।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण हेतु शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपये तक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल बहुत कम मासिक चार्ज केवल 1500 रुपये के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है।

डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभार्थी है, जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण-पत्र देकर योजना में शामिल हो सकते है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्णतः कैशलेस है, लाभार्थी केवल अपना आयुष्मान भारत कार्ड दिखाकर ही पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी किसी भी अटल सेवा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड दिखाकर बनवा सकते है। इसके अलावा पैनल पर लिए गए निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में भी यह कार्ड मुफ्त में बनवा सकते हैं।



## समाजसेवी ने रखी संत कबीर धर्मशाला की नीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गंगगा गांव स्थित न्यू एकता नगर कालोनी में संत कबीर धर्मशाला की नीव रखी गई। इस मौके पर समाजसेवी श्रवण कुमार वर्मा ने समाज के लोगों के सामने नींव रखी गई। श्रवण कुमार वर्मा ने कहा कि न्यू एकता नगर के लोग उनके पास आए थे। लोगों ने बताया कि कालोनी में कोई की सामाजिक कार्य करने के लिए या गरीब कन्याओं की शादी करने के लिए कोई स्थान नही है। गरीब लोगों की समस्या देखते हुए श्रवण कुमार वर्मा ने धर्मशाला का निर्माण कार्य शुरू कर दी है। इस धर्मशाला का निर्माण चार से पांच महीने में पूरा कर दिया जाएगा। यह धर्मशाला बनने पर छतीस बिरादरी के लोगों के काम आएगी। विवाह समारोह, जन्म दिन, सामाजिक बैठक हॉल भविष्य में इसे हर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान मोहन लाल, सचिव दीपक, उपप्रधान श्याम, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**मदद** | अग्रोहा धाम में 27 अक्टूबर को विशाल वार्षिक मेला का आयोजन होगा

## जरूरतमंद बच्चों की शादी करवाने के साथ-साथ कन्या को 1.5 लाख का सामान भी देगा अग्रवाल संगठन : बजरंग गर्ग

- अनिल सिंगला को बनाया गया हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन का हिसार प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रतिनिधियों की बैठक हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वैश्य समाज के संगठन का विस्तार किया गया। अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने रविवार को हुई इस बैठक में कहा कि अग्रवाल संगठन जनता के हित के कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाएगा और हर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 27 अक्टूबर को लगने वाला विशाल वार्षिक मेले में पूरी टीम बढ़ चढ़कर भाग लेगी और संगठन के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की हर संभव मदद करने का हमारा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल संगठन के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष युवक-युवती परिचय सम्मेलन करवाया जाएगा और बच्चों के रिश्ते करने के लिए संगठन कार्य करेगा। जरूरतमंद परिवारों को अपने खर्चे पर शादी करने के साथ-साथ युवती को 1.5 लाख रुपए का सामान भी साथ में देगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन को हिसार का प्रधान अनिल सिंगला मंगाली वाले को बनाया गया। इसके अलावा मुख्य संरक्षक अंजनी खारिया वाला, एनके गोयल, सत्यपाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग, पवन गर्ग असरावां, दीपक गर्ग, संजय गर्ग, पवन कुमार रावलवासिया, सतीश अग्रवाल और वरिष्ठ उप प्रधान प्रवीण जैन, पार्षद जगमोहन मित्तल, दुनीचंद गोयल व अरुण सिंगल, उप प्रधान पवन सिंगला, गजान्न गर्ग, सुरेंद्र बागड़ी,अनिल जैन, अंजनी कोहलीवाला, प्रतीक बंसल व सुरेंद्र बागड़ी, महासचिव निर्मल गर्ग व अजय गोरखपुरिया, सहसचिव अनूप बिंदल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुनील मित्तल, प्रमोद गर्ग, प्रवीण सिंगल, विनीत अग्रवाल, मुकेश गर्ग, अभिमन्यु बंसल, सौरभ गोयल व अतुल बागड़ी को बनाया गया है। बजरंग गर्ग ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी और कहा कि आगे विचार-विमर्श करके जल्द ही इकाइयों का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर संजय डालमिया, जगदीश तायल, रतन बंसल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सांसद कुमारी सैलजा कल रानियां में: नेहरा

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा धन्यवादी दौरे के दौरान 18 जून को रानियां के गाबा पैलेस में सुबह 10 बजे कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगी। हरियाणा के पूर्व सिंचाई, शिक्षा मंत्री स्व. जगदीश नेहरा के पुत्र एडवोकेट संदीप नेहरा ने बताया कि प्रचंड जीत के बाद कुमारी सैलजा कार्यकर्ताओं और सम्माननीय मतदाताओं का धन्यवाद कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश भी जारी करेंगी।

### सांसद कुमारी सैलजा 19 को सिरसा में

**सिरसा।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में 19 जून बुधवार को सुबह 10 बजे हिसार रोड स्थित निशुराज रिसोर्ट में सिरसा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व आमजन का धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित पार्टी की सांसद कुमारी सैलजा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजन का धन्यवाद करेंगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं व आमजन के अपार सहयोग व समर्थन की बदौलत कुमारी सैलजा ने लाखों वोटों के मार्जन से जीत दर्ज की। शर्मा ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

### श्री श्याम बगीची धाम में भंडारे का आयोजन आज

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में निर्जला एकादशी पर भजन संध्या व श्याम रसोई का आयोजन 17 जून को किया जाएगा। साथ ही निशान यात्रा भी निकाली जाएगी। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि हर एकादशी की भांति इस बार भी निर्जला एकादशी पर सोमवार 17 जून को श्याम बगीची धाम में रात सवा आठ बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में राजेंद्र गनेरीवाला, असंद से विशाल जूनेजा व सिरसा की बेटी प्रतिष्ठा शर्मा भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि रात को सवा नौ बजे श्याम रसोई (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात को आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** बरनाला रोड पर एक दुकान के बाहर से गांव झोंपड़ा निवासी व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंस ने बताया कि वह खाना खाने के लिए बरनाला रोड पर एक दुकान पर आया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मकान से लाखों के आभूषण व नकदी चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव नारायणखेड़ा में चोर एक मकान में घुसकर अलमारी से 1.30 लाख रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक विजेंद्र सिंह ने बताया कि 14 जून की रात को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात को चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखी 1.30 लाख रुपए की नकदी, 8 ग्राम सोने की बालियां, 14 तोले चांदी की पाजेब चोरी कर ले गए। सुबह परिवार के लोगों को घटना के बारे में पता चला। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो नकदी व आभूषण गायब थे। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

---

### परिजनों ने लाल बत्ती चौक पर लगाया जाम, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

# गोली लगने से घायल कुख्यात बलराज उर्फ गोली ने तोड़ा दम

**हमलावरों की हुई पहचान, मृतक बलराज पर 27 से ज्यादा आपराधिक मामलें थे दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। मृतक बलराज उर्फ गोली, फायरिंग के बाद मौके पर जांच पड़ताल करते पुलिस कर्मचारी।

शहर की मातूराम कालोनी रोड पर शनिवार देर शाम को कार सवार कुख्यात बलराज उर्फ गोली पर बाईक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में बलराज के पेट में एक गोली लगी और उसने रविवार सुबह हिसार के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के समय बलराज की पत्नी भी उसके साथ गाड़ी में सवार थी लेकिन वह बच गई। डॉक्टरों के अनुसार गोली युवक की छाती के पास से होते हुए आंत में जा फंसी थी। बताया जाता है कि मृतक बलराज पर 27 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से वह कुछ में बरी हो चुका था। करीब दो सप्ताह पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। इस मामले में पुलिस ने जांच तेज करते हुए गोली मारने वालों की पहचान हो गई है। पुलिस ने सिरसा जिले के गांव बनसुधार निवासी संजय और खेमा खाती चौक फतेहाबाद निवासी विकास उर्फ गोलू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हत्या की इस वारदात का अभी स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल इसे दो गुटों के बीच चल रही आपसी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। इस मामले में हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने रविवार शाम को शहर के लाल बत्ती चौक पर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने कहा कि जब तक पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करती, तब तक वे मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पुलिस को दी शिकायत में काठमंडी निवासी बलराज उर्फ गोली की पत्नी पूजा ने शनिवार शाम को वह अपने पति बलराज उर्फ गोली के साथ स्वामी नगर में अपने प्लाट को देखने के बाद घर की तरफ आ रहे थे। सतीश कॉलोनी के पास में बने एक स्कूल के पास पीछे से आए बाइक सवारों ने उनकी गाड़ी में कंडक्टर साइड से शीशे पर फायर किया। इसके बाद आगे जाकर उसके पति ने गाड़ी रोकी तो दो-तीन युवकों ने पीछा करते हुए उसके पति पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पूजा ने बताया कि इससे एक गोली उसके पति के पेट में जा लगी। उसके बाद हमलावरों ने उस पर भी फायरिंग की, लेकिन वह बच गई और वह अपने पति को लेकर एक दुकान में घुसकर शटर बंद करके अपनी जान बचाई। पूजा ने युवकों की पहचान संजय और विकास के रूप में की। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पूजा ने अन्य लोगों की मदद से बलराज उर्फ गोली को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से उसे हिसार रेफर कर दिया गया। हिसार में उपचार के दौरान रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। बलराज उर्फ गोली फतेहाबाद में शिवपुरी के पीछे काठमंडी का रहता था। उसके ऊपर 27 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या प्रयास जैसा मामला भी शामिल है। ज्यादातर मामले नशा तस्करी से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। अधिकतर मामलों में वह बरी हो चुका था।

---

## श्रमिक संघ का अधिवेशन महेन्द्र डूल्ट बने जिला प्रधान



फतेहाबाद। भवन निर्माण श्रमिक संघ की चुनी गई नई जिला कार्यकारिणी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का चयन किया
- जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर अधिवेशन का आयोजन

भवन निर्माण एवं श्रमिक संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ, जिला फतेहाबाद कार्यकारिणी के गठन को लेकर अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में पर्यवेक्षक के तौर पर श्रमिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर जांगड़ा, प्रदेश महासचिव रवि, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सतवीर शर्मा, जिला मंत्री अमित व विपिन शर्मा, भवन निर्माण संघ के मोमिन गोवर्धन दास ने भाग लिया। अधिवेशन में सर्वप्रथम मजदूरों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से महेन्द्र डूल्ट को भवन निर्माण एवं श्रमिक संघ का जिला प्रधान चुना गया। इसके अलावा सुनील टिब्बी व बलजीत दहमन को उपाध्यक्ष, कविता जांडली को सचिव, राधेश्याम भट्टूकलां व रामकिशसन खन्ना को सहसचिव, संतोष देवी बोस्ती को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। लेखराज, कर्मवीर, सतबीर ढाका, उदयवीर, रमेश, राममेहर दास, उमेद को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। फतेहाबाद जिला संयोजक के पद पर सतबीर ढाका भूना बने रहेंगे। प्रदेशाध्यक्ष राममेहर जांगड़ा ने नई कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी जिले में भवन निर्माण श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करवाने और इन्हें ज्यादा से ज्यादा संगठन से जोड़ने का काम करेगी।

---

## रिकार्ड सीटों पर जीतेगी कांग्रेस : अनिल

- फतेहाबाद पहुंची सांसद सैलजा का अनिल ज्याणी ने समर्थकों सहित किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। कुमारी सैलजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अनिल ज्याणी व उनकी पत्नी ममता ज्याणी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस रिकार्ड सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जोर-शोर से विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटा है और जब तक प्रदेश से भाजपा का सफाया नहीं हो जाता, कार्यकर्ता इसी तरह मेहनत जारी रखेंगे। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी ने फतेहाबाद पहुंची सांसद कुमारी सैलजा का स्वागत करते हुए कही। अनिल ज्याणी ने अपने समर्थकों के साथ कुमारी सैलजा का जोरदार स्वागत किया। अनिल ज्याणी की पत्नी ममता ज्याणी ने कुमारी सैलजा को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। साथ में उनका बेटा आरव बिश्नोई भी मौजूद रहा। अनिल ज्याणी ने कहा कि आज प्रदेश की जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो चुका है। लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिली करारी हार और कांग्रेस को मिले जनसमर्थन ने साबित कर दिया है कि जनता आज बदलाव के मूड में है और आगामी विधानसभा चुनावों में कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। अनिल ज्याणी ने कहा कि फतेहाबाद में आयोजित धन्यवाद समारोह में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया।

---

### माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस पर महिला मंच ने लगाया भंडारा

**सिरसा।** माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस पर जनता भवन रोड पर महिला मंच द्वारा भंडारा लगाया गया। महिला मंच की अध्यक्ष अंजू शारदा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माहेश्वरी समाज द्वारा उत्पत्ति दिवस धूमधाम से मनाया गया। माहेश्वरी समाज ने हमेशा लोगों के हितों में अग्रणी योगदान दिया हैं। समाज हित में मिसाल कायम की हैं। माहेश्वरी महिला मंच ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें 1500 से 'यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंच अध्यक्ष अंजू शारदा, सचिव वंदना साबू, रश्मि राठी, निशा करवा, संजू मुंधडा, रजनी मुंधडा, मीनू करवा, अमिता मंत्री, सोनिया बांगड़ी, शकुंतला बांगड़ी, मंजू बिहानी व भारती लखोटिया मौजूद थी।

---

## पिलछियां गुरुद्वारे में दशमी पर कार्यक्रम

- गुरुद्वारे में सिद्धू मूसेवाला के माता पिता ने टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया



रतिया। गांव पिलछियां में कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का विमोचन करते सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकार सिंह।

क्षेत्र के पंजाब बॉर्डर के साथ लगते हरियाणा के गांव पिलछियां के गुरुद्वारा शहीदसर साहिब में रविवार को दशमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद संगत में उसे वक्त खुशी की लहर दौड़ गई, जब साथ लगते गांव पंजाब के गांव मूसेवाला से पंजाब के प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता कार्यक्रम में पहुंचे और गुरु घर के हाल में पहुंचकर नतमस्तक हो कर गुरु जी का आशीर्वाद लिया। गुरुद्वारे के मैनेजर सुखदेव सिंह ने बताया कि गुरुद्वारे में आज दशमी के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकार सिंह, माता चरण कौर और बेटा शुभदीप सिंह के साथ गुरुद्वारे में पहुंचे और मत्था टेककर गुरु का आशीर्वाद लेते हुए चाय प्रसाद का लंगर ग्रहण करके चले गए। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारे में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें हरियाणा और पंजाब से भारी संख्या में संगत इस गुरुद्वारे में मत्था टेकने आती है। इस दौरान उनके साथ मौजूद सिक्योरिटी दल ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

---

## बालकों से करवाया जा रहा था काम, छापेमारी कर किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शहर में इन दिनों दुकानों व रेहड़ियों पर बालकों का जमकर शोषण किया जा रहा है। लगातार मिल रही ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए बाल श्रम रोकने को लेकर गठित टीम ने शहर में विभिन्न दुकानदारों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 4 दुकानों पर बाल श्रम होते पाया और 4 बालकों को रेस्क्यू कर दुकान मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में बचपन बचाओ आंदोलन, कालका जी, नई दिल्ली निवासी पुनीत शर्मा ने कहा है कि बाल श्रम रोकने को लेकर उसके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बाल श्रम रोकने को लेकर टीम सदस्यों के साथ फतेहाबाद शहर में चैकिंग की। चैकिंग के दौरान उन्हें लाल बत्ती चौक स्थित हुल्शी कन्फैक्शनरी पर बिहार का एक 16 साल का लड़का मौज्जम वेटर का काम करते हुए मिला। उसने बताया कि दुकान मालिक राकेश उसे 7500 रुपये प्रति माह वेतन देता है और वह तीन महीने से यहां का कर रहा है। दुकानदार सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक लगातार उससे काम करवाता है। इसके अलावा टीम ने जवाहर चौक स्थित सेवक ढाबा पर 14 साल के प्रवीन को काम करते पाया। प्रवीन यहां तंदूर पर रोटियां सेंकने का काम कर रहा था। उसने बताया कि वह एक सप्ताह से यहां काम कर रहा है। ढाका मालिक देवीलाल उससे सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक काम करवाता है और 8 हजार मासिक वेतन देने का वायदा किया है। इसके अलावा टीम ने रतिया चुंगी स्थित इनफिल्ड डॉक्टर, मोटर मैकेनिक की दुकान पर 14 साल के गुरप्रीत को बाईक रिपेयर का काम करते पाया।

---

### सुरेंद्र कुमार शर्मा बने निःस्वार्थ सेवा संस्थान के प्रधान

**सिरसा।** निःस्वार्थ सेवा संस्थान सिरसा की मीटिंग स'जन कुमार सचिव व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रधान पद से रामकुमार ढिल्लों ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया, जिसे कार्यकारिणी ने मंजूर कर लिया। सर्वसम्मति से सुरेंद्र कुमार शर्मा को संस्थान का नया प्रधान नियुक्त किया गया, वहीं सचिव पद के लिए सज्जन कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह राजेंद्र ढाका को संस्था का नया सचिव बनाया गया। इसी कड़ी में संस्था में राकेश कुमार और सतपाल को नई कार्यकारणी में शामिल किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। संस्था के सभी सदस्यों ने पूर्व प्रधान रामकुमार ढिल्लों एवं सचिव सज्जन कुमार को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया ।

---

## पशुओं में ब्रूसेलोसिस के एक टीके से आजीवन रक्षा : डॉ. बिश्नोई

- पशुपालक को पशुओं की जानकारी होना जरूरी
- डॉ. रामनिवास की टीम ने टीकाकरण अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां



फतेहाबाद। गांव शेखुपुर दड़ौली में पशुओं का टीकाकरण करते पशु चिकित्सक।

ब्रूसेलोसिस एक खतरनाक पशु जनित रोग है जो जानवर से मनुष्य में फैलता है। यह एक गंभीर बीमारी है जिसकी हर पशुपालक को जानकारी होना बहुत जरूरी है। राजकीय पशु अस्पताल शेखुपुर दडोली में उपनिदेशक पशुपालन डॉ. सुखविंदर व उपमंडल अधिकारी डॉ राकेश के नेतृत्व में पशु चिकित्सक डॉ. रामनिवास बिश्नोई की टीम द्वारा टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि आमतौर पर संक्रमित जानवरों के सीधे संपर्क से दूसरे जानवरों में फैलता है। संक्रमित जानवर के गर्भपात या बछड़े के बाद सभी संक्रामक आसपास फैल जाते हैं और संक्रमित हो जाते हैं। यह बीमारी जानवरों से एक झुंड से दूसरे झुंड में ले तेजी से फैल जाती है। इससे बचाव के तरीकों बारे उन्होंने बताया कि साफ-सफाई से ब्रुसेलोसिस बीमारी के संक्रमण से बचा जा सकता है। उचित झुंड प्रबंधन बीमारी से बचने में मदद कर सकता है। बीमार पशुओं को दूसरे पशुओं से ज्यादा ना मिलने दें। बीमार पशु को दूसरे पशुओं से अलग रखें। इस रोग का निदान अंतिम तिमाही में गर्भपात का इतिहास, रोगी पशु के योनि स्त्राव, दूध, रक्त, जेर की जांच एवं रोगी मनुष्य के वीर्य, रक्त की जांच करके की जाती है। गर्भपात के बाद चमड़े जैसा जेर का निकलना इस रोग की खास पहचान है।

---

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी गंभीर

**फतेहाबाद।** बाईपास पर माजरा मोड के समीप एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। रविवार को गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस को दी शिकायत में किरण ने कहा है कि गत दिवस वह अपने पति राकेश कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव माजरा जा रही थी। जैसे ही वह भूना रोड पर हिसार की तरफ से आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही चलाया और उनके मोटरसाइकिल में टक्करी दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। बाद में सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां राकेश को मृत घोषित कर दिया।

---

### बाल एवं डक हॉकी एसोसिएशन ने दी शुभकामनाएं

## वर्ल्ड गेम्स में दमखम दिखाएंगे गुरमृत व गुरूसहज

- टीम इंडिया के साथ 17 को दिल्ली से होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। ऑस्ट्रिया में होने वाली यूनाइटेड वर्ल्ड गेम्स में चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते संघ पदाधिकारी व उनके परिजन।

जिले के दो युवा खिलाड़ी यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया में होने वाली वर्ल्ड गेम्स में अपना दमखम दिखाएंगे। फतेहाबाद जिले के दो खिलाड़ी गुरुअमृत सिंह संधू समसिद इंटरनेशनल स्कूल और गुरुसहज सिंह अकाल अकएडमी सालम खेड़ा का चयन बाल एवं डक हॉकी यूनाइटेड वर्ल्ड गेम्स प्रतियोगिता में ऑस्ट्रिया यूरोप देश के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में विभिन तरह के 12 खेल आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें इंडिया टीम बाल हॉकी खेल में भाग लेगी। गुरुअमृत सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह व गुरूसहज सिंह पुत्र गुरविन्द्र सिंह के वर्ल्ड गेम्स में हुए चयन से इनके शिक्षण संस्थानों में खुशी का माहौल है वहीं परिजन भी फूले नहीं समा रहे है। बाल एवं डक हॉकी संघ हरियाणा ने दोनों खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए इन्हें बधाई दी और वर्ल्ड गेम्स में बेहतरीन प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इंडिया टीम से 30 सदस्यीय टीम गौतम कंबोज प्रधान और गुरिंदर सिंह महासचिव बाल एवं डक हॉकी एसोसिएशन इंडिया के नेतृत्व में 17 जून को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नई दिल्ली से ऑस्ट्रिया के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर प्रधान नितिन सैनी, उपप्रधान श्रीभगवान शर्मा, उपप्रधान बंसीलाल चौहान, आदित्य शर्मा, विशु, कुलदीप, मनदीप चौहान आदि ने टीम इंडिया में चयनित हुए फतेहाबाद के दोनों खिलाड़ियों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।

---

## लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी : डीसी राहुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडिय़ों, बच्चों, बुजुगार्ें और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी की सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। डीसी राहुल नरवाल ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें।